साप्ताहिक
बुलंद गोंदिया
खबरों का आईना

प्रधान संपादक : **अभिषेक चौहान** । संपादक : **नवीन अग्रवाल**

E-mail : **bulandgondia@gmail.com** | E-paper : **bulandgondia.net** | Office Contact No.: **7670079009** | **RNI NO. MAH-HIN-2020/84319**

वर्ष : 5 | अंक : 10 | गोंदिया : गुरुवार, दि. 17 अक्टूबर से 23 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ : 4 | मूल्य : रु. 5

मोटरसाइकिल चोरी

गोंदिया-भंडारा जिले के किशनपुर, करडी निवासी फिर्यादी कैलास युवराज चौधरी (47) अपने रिश्तेदार की मोटरसाइकिल क्र. एमएच 35 एसी 4972 से नवेझरी साप्ताहिक बाजार में गया था. जहां से अज्ञात व्यक्ति ने चुरा लिया. जिसकी कीमत 30 हजार रु. बताई गई है.

आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन जिला परिषद बांधकाम विभाग में बेक बैक डेट में वर्क आर्डर जारी

बुलंद गोंदिया। गोंदिया जिला परिषद हमेशा ही अपनी विवादित कार्य प्रणाली के चलते चर्चा में बनी रहती है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही राज्य में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है जिसमें किसी भी प्रकार के नए शासकीय कार्य जारी नहीं किये जा सकते लेकिन गोंदिया जिला परिषद बांधकाम विभाग में बैक डेट में बड़े पैमाने पर वर्क आर्डर जारी किए गए।

गौरतलब है की लोकतंत्र का महा पर्व चुनाव को निष्पक्ष पारदर्शित तरीके से संपन्न करने के लिए चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुसार आदर्श आचार संहिता लागू की जाती है जो चुनाव की तारीखों की घोषणा होते ही लागू हो जाती है। जिसमें चुनाव प्रभावित हो ऐसे किसी भी प्रकार के नए शासकीय कार्य नहीं किया जा सकते जिससे चुनाव की निष्पक्षता पर असर पड़े तथा किसी भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार को इसका लाभ या हानि हो लेकिन गोंदिया जिला परिषद के बांधकाम विभाग में आचार संहिता का उल्लंघन होता हुआ साफ दिखाई दे रहा है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की आचार संहिता मंगलवार 15 अक्टूबर को मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा चुनावी तारीखों का ऐलान करने के साथ ही आचार संहिता लागू हो गई है लेकिन 16 अक्टूबर बुधवार की शाम कार्यालींन समय खत्म होने के बाद गोंदिया जिला परिषद बांधकाम विभाग की ऊपरी मंजिल पर एक बंद कमरे में बैठकर बड़े पैमाने पर बैक डेट में विभिन्न कार्यों के वर्क आर्डर जारी करने का कार्य किया जा रहा था. बुलंद गोंदिया के प्रतिनिधि द्वारा जब इस संदर्भ में संबंधित कर्मचारियों व सहायक लेखाधिकारी से जानकारी प्राप्त करनी चाहिए तो यह कार्य क्या किया जा रहा है तो वह






इसका किसी भी प्रकार का समाधान कारक जवाब नहीं दे पाए जिससे जिला परिषद की कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगता दिखाई दे रहा है। साथ ही आदर्श आचार संहिता का जिला परिषद द्वारा उल्लंघन किया जा रहा है।

कार्यकारी अभियंता ने नहीं दिया जवाब जिला परिषद बांधकाम विभाग के कार्यकारी अभियंता अतुल मेश्राम से दूरभाष पर जब इस संदर्भ में जानकारी प्राप्त की गई तो पहले उन्होंने यह नकार दिया कि यह इस प्रकार का कार्य हो रहा है लेकिन इस संदर्भ में किसी भी प्रकार का समाधान कारक जवाब नहीं दिया जिससे उन पर भी आचार संहिता उल्लंघन आचार संहिता उल्लंघन किए जाने की बात सामने आ रही है।

चुनावी प्रक्रिया पर इसका विपरीत परिणाम

आचार संहिता में जारी किए गए वर्क ऑर्डरों का कार्य शुरू होने से चुनावी प्रक्रिया पर इसका विपरीत परिणाम हो सकता है क्योंकि आचार संहिता लागू होने के बाद वर्क आर्डर मिलने पर काम शुरू होने पर संबंधित निर्माण कार्य सड़क नाली आदि का निर्माण कार्य करने से संबंधित उम्मीदवार इसका लाभ अपने प्रचार में अप्रत्यक्ष रूप से कर उठा सकता है।

मामले की जांच होगी या आपसी साठगाठ से दबाया जाएगा मामला

आचार संहिता आदर्श आचार संहिता शुरू होने के पश्चात जिला परिषद में बड़े पैमाने पर बैक डेट पर वर्क बनाकर जारी करने का कार्य किया गया जिससे संभावना जताई जा रही है कि अधिकारी, नेता व कर्मचारी तथा ठेकेदारों द्वारा आपसी साठगाठ कर मामले को दबा दिया जाएगा या निष्पक्ष जांच होगी इस पर भी सवालिया निशान लग रहे हैं।

कार्यालीन समय में कार्य क्यों नही कार्यालीन समय में कार्य नहीं होता जिला परिषद में एक और जहां कार्यालीन समय में कार्य नहीं होता लेकिन आचार संहिता लगते ही बड़े पैमाने पर वर्क आर्डर वह एग्रीमेंट बनाने का कार्य कार्यालय समय खत्म हो जाने के बावजूद भी एक अलग सुनसान कक्ष में किया जा रहा था। जिससे इस पर भी प्रश्न चिन्ह निर्माण हो रहा है।

मामले की जांच कर की जाएगी कार्रवाई जिला परिषद बाधकाम विभाग में यदि आचार संहिता लागू होने के बाद वर्क आर्डर जारी किए गए तो उसे मामले की जांच कर संबंधित दोषियों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

एम.मुरुगनाथम मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला परिषद गोंदिया

आचार संहिता के दौरान जारी किए गए वर्क आर्डर को क्या रोकेंगा प्रशासन होगी कार्रवाई

राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होते ही गोंदिया जिला परिषद जो भ्रष्टाचार का गढ़ बन चुका है जिसमें बड़े पैमाने पर कार्यों के वर्क आर्डर बैक डेट में जारी किए गए हैं। जिसमें सब की मिलीभगत है लेकिन अब मामला सामने आने पर अब क्या प्रशासन द्वारा निष्पक्ष जांच कर चुनाव आयोग के दिशा निर्देशानुसार संबंधित दोषियों पर कार्रवाई करेगा या मामले को दबा देगा इस पर भी प्रश्न चिन्ह लगता दिखाई दे रहा है। या जारी किए गए वर्क आर्डरो के कार्यों को जिला परिषद प्रशासन द्वारा चुनाव के दौरान शुरू होने से रोका जाएगा।

लापता व्यक्ति का कुएं में मिला शव

लाखांदुर-दिघोरी पुलिस थाना अंतर्गत आनेवाले ग्राम पारडी के रहनेवाले 36 वर्षीय युवक का शव रविवार, 13 अक्टूबर को दोपहर में एक खेत के कुएं में मिला है। मृतक की शिनाख्त ग्राम पारडी निवासी चिंतामण यशवंत ब्राम्हणकर (36) के तौर पर हुई है, जो 7 अक्टूबर से लापता था। जानकारी के अनुसार चिंतामण यह सोमवार, 7 अक्टूबर से लापता था। जिसकी शिकायत दिघोरी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज की गई थी। साथ ही परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। इस बीच रविवार को दोपहर में चिंतामण का गांव के कुएं में शव मिला है। इस मामले में दिघोरी पुलिस ने मामला दर्ज कर यह हत्या है या आत्महत्या यह पता लगाने में जुटी हुई हैं।

मातारानी की भावभीनी विदाई ,घट जवारो का विसर्जन, असत्य पर सत्य की जीत के प्रतीक के रूप में रावण के पुतले का दहन

बुलंद गोंदिया। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर जिले के विभिन्न स्थानों पर मां जगदंबा की प्रतिमाओं को सार्वजनिक स्थानों पर विराजित कर 9 दिनों तक विभिन्न धार्मिक, सामाजिक आयोजन के साथ निरंतर महाप्रसाद का सिलसिला चलता रहा। जिसके पश्चात विजयादशमी के दिन सार्वजनिक स्थानों पर विराजित माता की प्रतिमाओं को भावभीनी विदाई देने के साथ ही जिले के विभिन्न दुर्गा मंदिरों में स्थापित घट व जवारो का भी विसर्जन किया गया। साथ ही विजयादशमी पर्व के अवसर पर असत्य पर सत्य की जीत के रूप में वर्षों से चली आ रही परंपरा के रूप में रावण के पुतले का विभिन्न स्थानों पर दहन कर नागरिकों द्वारा एक दूसरे को विजयदशमी पर्व की शुभकामनाएं दी गई। गोंदिया शहर में विराजित सार्वजनिक पंडालों की बड़ी प्रतिमाओं का विसर्जन महाराष्ट्र मध्य प्रदेश की सीमा पर स्थित रजेगॉव बाघ नदी घाट पर किया गया जिसके लिए प्रशासन द्वारा क्रेन की व्यवस्था करने के साथ ही लाइटिंग व सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। विसर्जन का कार्यक्रम दोपहर से शुरू होकर देर रात तक चलता रहा इस दौरान जिले में संपूर्ण क्षेत्र में शांति बनी रही।

पिता की हत्या का षड्यंत्रकारी आरोपी बेटा 3 वर्ष के बाद दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार, लुक आउट सर्कुलर नोटिस किया था जारी

बुलंद गोंदिया। डुग्गीपार पुलिस थाना अंतर्गत आने वाले म्हसवाणी निवासी खुमराज बलिराम रहांगडाले कि 13 जून को हत्या की गई थी ।इस मामले का डुग्गीपार पुलिस थाना व लोकल क्राइम ब्रांच द्वारा खुलासा कर सुनियोजित हत्याकांड का पर्दाफाश करते हुए पांच आरोपियों को हिरासत में लिया था। इस हत्याकांड का मुख्य षड्यंत्रकारी सुपारी देकर अपने पिता की हत्या करने वाला करवाने वालाआरोपी पुत्र निखिल खुमराज रहांगडाले जो घटना के पूर्व से ही बांग्लादेश में रह रहा था तथा 3 वर्षों से फरार था जिसके खिलाफ लुक आउट सर्कुलर नोटिस जारी किया गया था ।जिसे 3 वर्षों के पश्चात दिल्ली के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया।

गौरतलब है कि म्हसवाणी निवासी खुमराज बलिराम राहंगडाले 13 जून को अपनी बीमार बेटी के लिए दवाई लेने दुपहिया वाहन से खोडसिवनी के लिए निकला था। जिसका शव मार्ग के किनारे दिखाई देने पर इसकी जानकारी डुग्गीपार पुलिस थाने को दी गई जिसमें पुलिस द्वारा धारा 174 के तहत मामला दर्ज किया ।इस मामले में 14 जून को सड़क अर्जुनी के ग्रामीण चिकित्सालय के वैद्यकीय अधिकारी द्वारा शव का पोस्टमार्टम किए जाने पर कान व सीर के पास धारदार हथियार से वार किए जाने की पुष्टि की जिसके पश्चात फरियादी मृतक के भाई उदयलाल बलिराम राहंगडाले व चिकित्सा अहवाल के आधार पर हत्या का मामला धारा 302 के तहत दर्ज किया गया था। तथा इस हत्याकांड में गर्रा रावनवाड़ी निवासी योगेश फागुलाल बोपचे उम्र 27 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ किए जाने पर आरोपी द्वारा हत्या किए जाने की बात स्वीकार की तथा इसमें अन्य साथी दार होने की जानकारी दी जिसमें गोंदिया बजाज वार्ड मरघट रोड निवासी पोमेश पन्नालाल पटले उम्र 25 वर्ष एक अन्य नाबालिक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जिसके पश्चात अन्य दो आरोपियों का नाम और सामने आया जिसमें बसंत नगर निवासी अंशुमन गोविंदा निमावत 23 वर्ष जिसे दल द्वारा भंडारा बस स्टैंड से कार्रवाई कर हिरासत में लिया तथा अन्य आरोपी बसंत नगर गोंदिया निवासी गणेश बंडू येटरे उम्र 20 वर्ष को उसके घर से गिरफ्तार किया जिनसे पूछताछ किए जाने पर उन्होंने भी हत्या में शामिल होने की बात कबूल की उपरोक्त हत्याकांड सुनियोजित तरीके से परिवारिक विवाद के चलते किए जाने की बात पुलिस को बताई।

इस हत्या कांड का मुख्य सूत्रधार व षड्यंत्रकारी आरोपी मृतक का बेटा निखिल खुमराज रहांगडाले जो घटना के पूर्व से ही बांग्लादेश में निवास कर रहा था जिसके द्वारा आरोपियों को सुपारी देकर अपने पिता की हत्या करवाई थी। मामले का खुलासा होने पर आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए ब्यूरो आफ इमीग्रेशन ऑफिस से लुक आउट सर्कुलर नोटिस जारी किया गया था। 3 वर्षों के पश्चात आरोपी बांग्लादेश से भारत आया था तथा इंदिरा गांधी एयरपोर्ट से वापस बांग्लादेश जाने की तैयारी कर रहा था इसी दौरान इमीग्रेशन ऑफिस नई दिल्ली द्वारा उसे हिरासत में लेकर गोंदिया जिले की पुलिस को सूचित किया गया जिस पर डुग्गीपा र पुलिस द्वारा नई दिल्ली पहुंचकर आरोपी को हिरासत में लेकर गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त मामले में आगे की जांच पुलिस निरीक्षक मंगेश काड़े द्वारा की जा रही है।

तथा यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे अपर पोलीस अधिक्षक गोंदिया कॅम्प देवरी नित्यानंद झा,उपविभागीय पोलीस अधिकारी देवरी, विवेक पाटील के मार्गदर्शन में पो.स्टे. डुग्गीपार के निरीक्षक मंगेश बि. काळे, सपोनि. प्रमोद बांबोळे, पो.हवा. जगदिश मेश्राम, दिपक खोटेले, पोशि रंजीत भांडारकर व अन्य कर्मचारियों द्वारा की गई।

दुर्गा विसर्जन करने गए 3 युवकों की डूबने से मृत्यु

गोंदिया-गोंदिया तहसील के ग्राम सावरीटोला में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए गए तीन युवाओं की डूबने से मौत हो गई. यह घटना 12 अक्टूबर की रात 9 बजे के आसपास घटित हुई. मृतकों में दो सगे भाईयों का भी समावेश है. घटना से गांव में शोक की लहर है. मृतकों में सावरीटोला निवासी आशीष फागुलाल दमाहे (22), अंकेश फागुलाल दमाहे (19) व यश गंगाधर हिरापुरे (19) का समावेश है. रावणवाड़ी थाने के तहत आने वाले सावरीटोला के तालाब से सड़क निर्माण करने के लिए मई 2024 में अवैध उत्खनन कर गड्ढा खोदा गया था. जहां दुर्गाजी की प्रतिमा का विसर्जन करने के दौरान तीन युवकों का संतुलन बिगड़ गया और उनकी मौत हो गई. 3 घंटे तक गोताखोरों द्वारा तीनों के शवों को एक के बाद एक बाहर निकाला गया. सावरीटोला के तालाब में दुर्गा जी की मूर्ति विसर्जन करने गांव के 9 युवा गए थे. लेकिन मूर्ति को पीछे से पकड़ने वाले यश हिरापुरे, आशीष दमाहे, अंकेश दमाहे सहित एक अन्य युवक का तालाब में खोदे गऐ गड़े में पैर चला गया. जिस वजह से तीन युवकों की जलसमाधि हो गई और एक अन्य युवक किसी प्रकारगड्ढे से बाहर निकलने में सफल रहा. पता चला है कि मृतक

आशीष दमाहे का हाल ही में आर्मी के लिए चयन हुआ था. बहरहाल इस मामले की जांच रावणवाड़ी के थानेदार वैभव पवार के मार्गदर्शन में की जा रही है.

तालाब के गड्ढे से अनजान थे युवा

सावरीटोला स्कूल के सामने के तालाब में मां अंबे की प्रतिमा विसर्जन करने के दौरान तालाब के गहरे गड्ढे से अनजान युवा जयघोष के नारे लगाते हुए मूर्ति को विसर्जन करने जा रहे थे कि इसी दौरान तीनों युवकों का गड़े में पैर गया तथा संतुलन बिगड़ जाने से उनके ऊपर मूर्ति गिर पड़ी और तीनों गड्ढे के गहरे पानी में चले गए. इस तालाब में अवैध उत्खनन कर रात में गड्ढे खोदने की वजह से यह घटना होने की बात सावरीटोला के नागरिक कह रहे हैं.

99,000 रु. के आभूषण चोरी

भंडारा-घर का पिछला दरवाजा खुला होने का फायदा उठाकर अज्ञात चोर द्वारा 99 हजार 200 रुपये के आभूषण चोरी कर लेने की घटना गोंडउमरी में घटी. फिर्यादी योगिता अजय कापगते (33) के घर का पिछला दरवाजा खुला था. इसी मौके का फायदा उठाकर अज्ञात चोर घर में घुस गये. उन्होंने लोहे की अलमारी में रखे सोने का मंगलसूत्र, कान की बालियां, चांदी की पायल, चांदी के सिक्के और पति की शर्ट की जेब से 2 हजार रुपए सहित कुल 99 हजार 200 रुपए चुराकर ले गए. साकोली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है.

10 रुपए के जुए का विवाद बना खूनी संघर्ष 25 वर्षीय युवक की कैंची घोप कर हत्या

बुलंद गोंदिया। सालेकसा पुलिस थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम बाबा टोली में जुए के खेल के दौरान 10 का विवाद खूनी संघर्ष बन गया व इसमें 25 वर्षीय युवक अरबाज अहमद शाह की कैंची घोप कर हत्या कर दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सालेकसा पुलिस थाना के अंतर्गत आने वाले ग्राम बाबा टोली में 15 अक्टूबर की रात 8:00 से 9:00 बजे के दौरान मृतक अरबाज अहमद शाह के घर के सामने आरोपी व मृतक जुआ खेल रहे थे। इसी दौरान जुए के खेल में10 रुपए कम होने पर आरोपी द्वारा पैसे गायब करने का आरोप मृतक अरबाज की पत्नी पर लगाते हुए उसे जबरन पैसे छीनने लगा जिस पर अरबाज अपनी पत्नी का बीच बचाव करने आया तो आरोपी द्वारा आक्रोशित होकर उस कैंची से कई जानलेवा वार कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। जख्मी को उपचार के लिए सालेकसा के ग्रामीण चिकित्सालय में ले जाने पर अस्पताल पहुंचने के पूर्व ही उसकी मौत हो गई थी तथा चिकित्सकों द्वारा जांच कर उसे मृत घोषित किया। उपरोक्त मामले जानकारी सालेकसा पुलिस मिलने पर हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की जांच की जा रही है।

संपादकिय...

चुनाव ईवीएम से ही

महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा चुनावों का कार्यक्रम चुनाव आयोग ने घोषित कर दिया है। वायनाड और नांदेड़ लोकसभा सीटों के साथ-साथ 48 विधानसभा क्षेत्रों के लिए भी उपचुनाव होंगे। उप्र के बाद महाराष्ट्र सबसे बड़ा सदन है, लिहाजा 288 सदस्यों की विधानसभा है। यहां से 48 सांसद चुन कर लोकसभा में भी जाते हैं। उस लिहाज से एक और चुनावी महासमर सज गया है। चूंकि हरियाणा में कांग्रेस जीती हुई बाजी हारी है, लिहाजा महाराष्ट्र कांग्रेस और उसके कथित सर्वोच्च नेता राहुल गांधी के लिए 'अग्निपरीक्षा' से कम नहीं है। यदि महाराष्ट्र कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन की झोली में आता है, तो एक बार फिर विपक्ष ताकतवर, लामबंद होकर उभर सकता है। यदि महाराष्ट्र का जनादेश भी, हरियाणा की तर्ज पर, 'महायुति' (भाजपा-एनडीए) के पक्ष में रहा, तो प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा दावा कर सकेंगे कि 'भगवा' और 'विकास' का कोई जवाब नहीं। मोदी भी अतुलनीय नेता हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री के खिलाफ जो छद्म नेरेटिव गढ़ा गया था और वह महाराष्ट्र समेत कुछ राज्यों में सफल भी रहा था, उसे एनडीए के पक्ष में जनादेश ध्वस्त कर सकता है अथवा भाजपा-एनडीए का नया नेरेटिव कारगर साबित हो सकता है। झारखंड अपेक्षाकृत छोटा चुनाव है और 81 सदस्यों की विधानसभा है। वहां भाजपा की संभावनाएं उज्ज्वल हैं। झामुमो के संस्थापक नेताओं में से एक चंपई सोरेन के भाजपा में आने के बाद आदिवासियों का एक पूरा क्षेत्र भाजपा की ओर ध्रुवीकृत हो सकता है। चंपई का उस इलाके में बहुत सम्मान है और उन्हें 'टाइगर' कहा जाता है। बहरहाल नवंबर में मतदान होने के बाद 23 नवंबर को दोनों राज्यों के जनादेश घोषित किए जाएंगे, लेकिन एक बार फिर 'ईवीएम' का सवाल और आपत्तियां भी सामने हैं। विपक्ष का एक तबका शिद्दत से मांग करता रहा है कि मतदान बैलेट के जरिए कराया जाए। चुनावों की घोषणा करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने ईवीएम पर सवालों के जवाब भी दिए और स्पष्ट किया कि मतदान ईवीएम के जरिए ही होंगे, क्योंकि यह 100 फीसदी सुरक्षित है। विपक्ष ने कई पुरानी आपत्तियों को भी दोहराया, जो आज अप्रासंगिक हैं। हरियाणा में अप्रत्याशित हार के बाद कांग्रेस ने ईवीएम पर ही ठीकरा फोड़ा है, लेकिन वह हरियाणा में ही 37 विधायकों की जीत के सवाल पर अनुत्तरित रहती है। कांग्रेस को तेलंगाना, कर्नाटक, हिमाचल जैसे राज्यों में और 99 लोकसभा सीटों पर जनादेशी जीत, ईवीएम के जरिए ही, हासिल हुई थी, उसका जवाब भी कांग्रेस नहीं देती। कांग्रेस को राजस्थान, छत्तीसगढ़ में भी ईवीएम के जरिए ही जीत हासिल हुई थी और सरकारें बनी थीं, तब ईवीएम की प्रौद्योगिकी पर सवाल क्यों नहीं उठाए गए? मुख्य चुनाव आयुक्त ने स्पष्ट किया है कि ईवीएम पेजर की तरह 'कनेक्टिव' नहीं होती और न ही इसे हैक किया जा सकता है। इसकी सुरक्षा तीन लेयर की होती है। ईवीएम में बैटरी 6 दिन पहले डाली जाती है और मतदान, मतगणना के समय ईवीएम की चेकिंग की जाती है।

टीबी मुक्त 65 ग्राम पंचायतें सम्मानित

राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीबी मुक्त बनाने का संकल्प

गोंदिया-केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत वर्ष 2025 तक पूरे भारत को टीबी मुक्त बनाने का संकल्प लिया है. उस अनुसार केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के अवसर पर 65 ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया गया. इस अवसर पर जिलाधीश प्रजीत नायर ने अपील की है कि शेष ग्राम पंचायतें भी टीबी से मुक्ति के लिए प्रयास करें. जिला परिषद के यशवंतराव नाइक सभागृह में 65 ग्राम पंचायतों को उनके द्वारा किए गए कार्यों को लेकर अतिथियों के हाथों महात्मा गांधी की प्रतिमा के साथ स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया. शुरुआत महात्मा गांधी व टीबी क्षयरोग जंतुशोधक जनक रॉबर्ट कॉक की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से हुई. जिलाधीश प्रजीत नायर, जिप सीईओ मुरुगानंथम, जिला सर्जन डा. अमरीश मोहबे, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. नितिन वानखेड़े, जिला क्षयरोग अधिकारी डा. अभिजीत गोल्हार, सामान्य प्रशासन विभाग के उप मुख्य कार्यपालन अधिकारी आनंदराव पिंगले, सहायक जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. अरविंदकुमार वाघमारे, जिला मलेरिया अधिकारी डा. विनोद चव्हाण, जिला मातृ व शिशु देखभाल अधिकारी डा. रोशन राऊत और कुष्ठरोग विभाग के चिकित्सा अधिकारी डा. भाग्यश्री गांवडे, जिला मीडिया व विस्तार अधिकारी विजय आखाड़े उपस्थित थे. प्रस्तावना में डा. गोल्हर ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य ग्राम पंचायतों में तपेदिक को खत्म करने के लिए प्रतिस्पर्धा निर्माण करना और उनके योगदान को सार्वजनिक रुप से गौरवान्वित करना है. गोंदिया जिले में वर्ष 2023 के लिए 65 ग्राम पंचायतों का चयन किया गया. जिसमें गोंदिया तहसील के 14, सड़क अर्जुनी के 11, मोरगांव अर्जुनी के 10, तिरोड़ा 9, आमगांव के 8, गोरेगांव के 5, सालेकसा और देवरी तहसील के 4-4 ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया गया.

निक्षय मित्र बनकर भी कर सकते हैं मदद

जिलाधीश नायर ने कहा कि केंद्र सरकार की इस पहल के माध्यम से, हमारे पास अगले समय में पूरे गोंदिया जिले को टीबी मुक्त बनाने का अवसर है, बाकी ग्राम पंचायतें भी इस अभियान में भाग ले और एक सामूहिक आंदोलन बनाकर अनले गांव को टीबी मुक्त करने के लिए प्रयास करें. जिप सीईओ मुरुगानंथम ने कहा कि टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संकल्पना से शुरू किया गया है और प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत अभियान में हम निक्षय मित्र बनकर भी मदद कर सकते हैं. उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाने का सपना है, जिसके लिए हम सभी को संकल्प लेना होगा. कार्यक्रम में 65 ग्राम पंचायतों के सरपंच, तहसील स्वास्थ्य अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, स्वास्थ्य सेविका, स्वास्थ्य सेवकों को सम्मान के लिए आमंत्रित किया गया था. कार्यक्रम में एसटीएस, एसटीएलएस, टीबीएचवी, पीपीएम, कार्यक्रम समन्वयक, स्वास्थ्य विभाग और जिला क्षयरोग केंद्र के पर्यवेक्षक अभिजीत गोल्हार सहित सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे. संचालन जिला पीपीएम समन्वयक प्रज्ञा कांबले ने किया.

ऑटो से तंबाकू की तस्करी करते पकड़ा 4.95 लाख का माल जब्त

खाद्यान्न एवं दवाई प्रशासन विभाग की कार्रवाई

लाखांदूर-राज्य के सरकार ने सुगंधित तंबाकू के बिक्री पर बंदी करने के बावजूद कुछ व्यक्तियों द्वारा अंतर जिले से ऑटो से सुगंधित तंबाकू की तस्करी होने की गुप्त खबर खाद्यान्न एवं दवाई प्रशासन विभाग को दी गई. जिसके आधार पर उक्त विभाग के अधिकारी कर्मियों ने कार्रवाई करते हुए सुगंधित तंबाकू की तस्करी करते एक ऑटो रंगेहाथ पकड़ा है. उक्त कार्रवाई 13 अक्टूबर को सुबह 9 बजे के दौरान तहसील के साकोली- लाखांदुर राष्ट्रीय महामार्ग के दिघोरी/मो. गांव परिसर में की गई है. इस कार्रवाई के तहत भंडारा जिले के खाद्यान्न सुरक्षा अधिकारी महेश चहांदे (44) के शिकायत पर दिघोरी/मो. पुलिस ने गोंदिया के गौतम नगर निवासी आशीष कोरे (30), पैकन टोली बजाज वार्ड निवासी दिगंबर चौधरी (30) व गोंदिया जिले के आमगांव निवासी सतीश पाउलझगड़े (30) नामक आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कुल 4.95 लाख रुपयों का माल जब्त किया गया है. पुलिस सूत्रों के अनुसार राज्य सरकार ने पिछले कुछ वर्षों से सुगंधित तंबाकू के बिक्री पर बंदी की है. इसके बावजूद कुछ व्यक्तियों द्वारा सरेआम सुगंधित तंबाकू के तस्करी की घटनाएं सामने आयी है.

जिले में तंबाक के बिक्री पर है प्रतिबंध

जिले में नए पुलिस अधीक्षक नियुक्त होते ही पुलिस प्रशासन के तहत जिले में उक्त तंबाकू के बिक्री पर प्रतिबंध किया गया है. जिसके कारण जिले के विभिन्न क्षेत्र में सुगंधित तंबाकू की किल्लत देखी जा रही है. इस किल्लत का गैर लाभ उठाते हुए घटना के आरोपियों ने मिलीभगत कर अतुल कंपनी के (एमएच 35 एएच 0625) ऑटो से अंतर जिले से तहसील के साकोली-लाखांदुर राष्ट्रीय महामार्ग से सुगंधित तंबाकू की तस्करी करने की गुप्त जानकारी जिले के खाद्य एवं दवाई प्रशासन को दी गई. इस जानकारी के आधार पर उक्त विभाग के अधिकारी कर्मियों ने सुगंधित तंबाकू की तस्करी कर रहे आटो रंगेहाथ पकड़कर कुल 4.95 लाख रुपयों का माल जब्त किया है. इस कार्रवाई के तहत स्थानीय दिघोरी/मो. पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की है.

जमाकुडो आश्रम विद्यालय प्रथम

सालेकसा-बीजेपार में आयोजित तीन दिवसीय केंद्र स्तरीय क्रीड़ा स्पर्धा में जमाकुडो की शासकीय माध्यमिक व उच्च माध्यमिक आश्रम स्कूल ने प्रथम क्रमांक प्राप्त किया. इस स्पर्धा में नौ स्कूलों ने भाग लिया था. शालेय शिक्षा विभाग की जिला स्तरीय 3000 मीटर दौड़ स्पर्धा में हंसिनी बहेकार ने जिले में प्रथम क्रमांक प्राप्त किया. छात्रा का प्राचार्य जी.एल. सोनेकर, आर.पी. चव्हाण, वीरेंद्र पडोले, डी.डी. दहीवले, रवींद्र गणवीर, कमलेश बारेवार, क्रीड़ा शिक्षक एम. राजनकर, एम.के. शेख, लिल्हारे, संजय मिसार, डी. गायधने, ए.आर. कटरे, एन.एच. बावनकर, जुगसेनिया, यु.जी. मलखांबे तथा सभी शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने अभिनंदन किया है.

एबुलेंस के बाद अब डेड बॉडी फ्रीजर की व्यवस्था

झाड़े समाज का एक और समाजिक उपक्रम

गोंदिया-झाड़े कुणबी समाज संस्था की ब्राह्मणकर हास्पिटल में डा. नोव्हिल ब्राह्मणकर की अध्यक्षता में ली गई. सभा में समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे. सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने अपने समाज में आगे समाजिक कार्यों पर विचार रखे. एबुलेंस के बाद डेड बॉडी फ्रीजर अर्थात शव संरक्षण बॉक्स आम लोगों के लिए उपलब्ध होगा. फ्रीजर को बसंत नगर में रखा गया. जहां से औपचारिकता उपरांत जरूरतमंद ले जा सकता है. ब्राह्मणकर हास्पिटल में आयोजित पदाधिकारियों व सभी समाज सदस्यों की बैठक में समिति के सचिव नीलेश चुटे ने बताया कि समाज में किसी के घर दु:खद घटना होने पर परेशानी न हो इसलिए सभी की इच्छा थी कि डेड बॉडी फ्रीजर की सुविधा शहर में होनी चाहिए. झाड़े कुणबी समाज ने अब इस सुविधा की शुरूआत कर दी है. झाड़े कुणबी समाज 2 साल से समाज के किसी के घर दु:खद घटना होने पर उनके घर 1 समय के खाने की व्यवस्था की जा रही है. कुणबी समाज के सभी लोग एक होकर झाड़े कुणबी समाज संस्था के सामाजिक कार्यों में अपना साथ देकर पुण्य कमाने का योगदान देना है. झाड़े कुणबी समाज खोजगिरी का कार्यक्रम 22 अक्टूबर को महिला समाज भवन सिविल लाइन में रखा गया है.

खोजागिरी में मेडिकल चेकअप केम्प का भी आयोजन किया गया हैं. कार्यक्रम में आए सभी सदस्यों का आभार सचिव निलेश चुटे ने माना. बैठक में डा. नोव्हिल ब्राह्मणकर, चंद्रकुमार चुटे, कुंदा दोनोडे, शिल्पा ब्राह्मणकर, दीप्ति तावड़े, सुजाता सुरेश बहेकार, गजानन डोये, ओमप्रकाश फुड़े, राजेश हुकरे, रामु चुटे आदि उपस्थित थे.

बाल मृत्यु दर और कुपोषण को रोकने टीकाकरण एक प्रभावी उपाय

टीकाकरण को लेकर जिला स्तरीय बैठक

गोंदिया-नियमित टीकाकरण को लेकर जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक जिलाधीश प्रजीत नायर व जिप सीईओ मुरुगानंथम की उपस्थिति में जिलाधीश कार्यालय के सभागृह में संपन्न हुई. जिसमें विश्व स्वास्थ्य संगठन नागपुर संभाग के सर्वेक्षण चिकित्सा अधिकारी डा. साजिद ने जिले में नियमित टीकाकरण पर प्रस्तुतिकरण दिया. बाल मृत्यु दर और कुपोषण को रोकने के लिए टीकाकरण एक प्रभावी उपकरण है. सभी बीमारियों से लड़ने के लिए जन्म से लेकर अलग-अलग उम्र में टीकाकरण से बीमारियों से लड़ने की प्रतिरोधक क्षमता विकसित होती है. जिससे स्वास्थ्य विभाग जिले के हर गांव में टीकाकरण सत्र आयोजित करे और ऐसी योजना बनाए कि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे. बच्चे को जन्म के समय मां का दूध और की बीसीजी, पोलियो, हेपेटाइटिस-बी, विटामिन-के पंचसुत्री का टीका देकर कवच कुंडल प्रदान करने की अपील जिलाधीश नायर ने की है. डा. साजिद ने बताया कि प्रसव के बाद 24 घंटे के अंदर शिशु को हेपेटाइटिस-बी का टीका लगाना जरूरी है. जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में प्रसव के बाद और निजी नर्सिंग अस्पताल में प्रसव के बाद शिशु को यह टीका लगाया जाता है. शिशु को हेपेटाइटिस- बी का टीका भी लगवाना चाहिए.

जिले में ग्रामवार बच्चों को किया जा रहा प्रतिरक्षित; सतर्कता जरूरी

जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में बीसीजी, हेपेटाइटिस-बी, पोलियो, पेंटावैलेंट, रोटा वायरस, पीसीवी, आईपीवी, खसरा-रूबेला, जेई, डीपीटी, विटामिन-ए खुराक ई सहित विभिन्न टीके नि:शुल्क दिए जा रहे हैं. नियमित टीकाकरण के तहत जिले में ग्रामवार टीकाकरण सत्र आयोजित कर बच्चों को प्रतिरक्षित किया जा रहा है. माता-पिता को सतर्क रहना चाहिए और अपने बच्चों को उनकी उम्र के सभी टीके लगवाने के लिए कहना चाहिए ताकि बच्चों के शरीर में विभिन्न बीमारियों से लड़ने के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता का निर्माण हो सके. उन्होंने सभी विद्यालयों में कुपोषण व बाल मृत्यु दर को रोकने के लिए समय पर नियमित टीकाकरण अभियान चलाकर जन जागरूकता लाने का निर्देश दिया. डा. साजिद, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. नितिन वानखेड़े, प्रभारी जिला सर्जन डा. अजय घोरमारे, सहायक जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. अरविंद कुमार वाघमारे, मातृ व शिशु देखभाल अधिकारी डा. रोशन राउत, जिला महामारी विज्ञान अधिकारी डा. निरंजन अग्रवाल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अर्चना वानखेड़े, जिला मीडिया और विस्तार अधिकारी विजय आखाड़े, जिला आईईसी अधिकारी प्रशांत खरात, डा. दर्शना नंदागवली, डा. दिनेश बारसागड़े, डा. नंदा गेडाम, डा. संजय माहुले, ग्रामीण अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक, सरकारी चिकित्सा के बाल रोग विशेषज्ञ, डा. लीना धांडे, शासकीय कार्यालयों व अशासकीय संस्थाओं के अधिकारी उपस्थित थे.

भारी वाहनों की आवाजाही न रोकने पर दी आंदोलन की चेतावनी

तिरोड़ा-रेलवे फाटक से लेकर तहसील कार्यालय की सड़क खस्ताहाल हो गई है। भारी वाहनों के आवागमन के कारण सड़क जर्जर हो गयी है। साथ ही सड़क पर धूल उड़ रही है। इससे क्षेत्र के सज्जन वार्ड, रेलवे स्टेशन परिसर के नागरिकों का स्वास्थ्य खतरे में है। वरिष्ठजनों सहित जिला पुलिस अधीक्षक को निवेदन देकर समस्या हल करने की मांग की गई है। जानकारी के अनुसार रेलवे स्टेशन से तहसील कार्यालय तिरोड़ा तक मार्ग पर यातायात डायवर्ट किया गया है। इसके चलते वाहनों का भारी आवागमन होता है। जिसके कारण सड़क ख़राब हो गई है। मार्ग पर परिवहन करते समय धूल उड़ रही है। इसी तरह दिन-रात भारी वाहनों की आवाजाही से धूल की मात्रा भी बढ़ गई है। इसका असर पसिर के नागरिकों पर पड़ रहा है। सज्जन वार्ड, रेलवे स्टेशन क्षेत्र सहित कई इलाकों में धूल से नागरिकों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है। कई लोग सांस संबंधी बीमारियों से पीड़ित हैं। इस वजह से स्थानीय लोगों ने पहल की है और वरिष्ठों को निवेदन दिया है। निवेदन में सड़क की मरम्मत करने, भारी वाहनों को प्रतिबंधित करने बताया गया है। नागरिकों ने चेतावनी दी है कि इस समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए अन्यथा वे सड़क बंद करेंगे। इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों और जिला पुलिस अधीक्षक को निवेदन दिया गया है।

तबीयत बिगड़ने से व्यक्ति की मौत

गोंदिया-आमगांव थाने के तहत बोथली निवासी भुवन सुखराम सोनवाने (46) की ग्राम बोथली में अचानक तबीयत बिगड़ने से उसे इलाज के लिए केटीएस जिला सामान्य अस्पताल में भर्ती किया गया था. जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. फिर्यादी सिपाही अनिकेत चांदेवार की शिकायत पर आमगांव पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया है.

लाठी से मारकर किया घायल

गोंदिया-आमगांव तहसील के अंजोरा निवासी फिर्यादी योगेश बाबुलाल गायधने (35) ने अपनी पत्नी को अपने गांव चलने को कहा. जिस पंढरपुर (सावली) निवासी आरोपी योगेश्वर चैतराम फुंडे (30) ने मैं अपनी बहन को अभी नहीं भेजता, बाद में भेजूंगा ऐसा कहते हुए फिर्यादी को लाठी से मारकर घायल कर दिया. फिर्यादी की शिकायत पर सालेकसा पुलिस ने मामला दर्ज किया है. जांच हवलदार डोंगरे कर रहे हैं.

जिला व सत्र न्यायालय में स्वच्छता अभियान

गोंदिया-राज्य विधि सेवा प्राधिकरण उच्च न्यायालय मुंबई के आदेशानुसार विधि सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय व जिला वकील संघ गोंदिया के संयुक्त तत्वावधान से स्वच्छता ही सेवा इस राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत प्रमुख जिला व सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधि सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अरविंद वानखेड़े की अध्यक्षता और जिला विधि सेवा प्राधिकरण के सचिव नरेश वालके के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय गोंदिया के न्यायालय क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया गया. उक्त स्वच्छता अभियान में गोंदिया कोर्ट के सभी न्यायिक अधिकारी, कोर्ट स्टाफ के साथ-साथ गोंदिया के वकील व पैरालीगल वालंटियर्स बड़ी संख्या में उपस्थित थे. उक्त अभियान में स्वच्छता से संबंधित विभिन्न प्रकार के बैनर व पांपलेट तैयार कर जनजागरूकता की गई. साथ ही महात्मा गांधी जयंती अवसर पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जिला विधि सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय के परिसर व भवन में स्वच्छता अभियान चलाया गया. उक्त कार्यक्रम में न्यायालय परिसर की साफ-सफाई व न्यायालय भवन की साफ-सफाई की गई. उक्त सफाई अभियान में गोंदिया के सभी न्यायिक अधिकारी, न्यायालय कर्मचारी, वकील व वकील संघ के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे.

डॉ विद्यासागर मोहन ने सफल शल्यक्रिया कर युवक के विकृत तेढ़े पैरों को किया सीधा

बालाजी नर्सिंग होम में मरीज को मिला प्रधानमंत्री आयुष्मान व महात्मा ज्योतिबा फूले योजना का लाभ



बुलंद गोंदिया। गोंदिया के बालाजी नर्सिंग होम के डॉक्टर विद्यासागर मोहन द्वारा गडचिरोली निवासी 27 वर्षीय युवक के विकृत टेढ़े पैरों की सफल शल्यक्रिया कर उसे अपने पैरों पर खड़ा कर नया जीवन दिया साथ ही बालाजी नर्सिंग होम में मरीज को प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना वह महात्मा ज्योतिबा फूले योजना के अंतर्गत उपचार कर शासकीय योजना का लाभ दिया गया।

बालाजी नर्सिंग होम के चिकित्सक डॉक्टर विद्यासागर मोहन द्वारा इस शल्यक्रिया के संदर्भ में बुलंद गोंदिया को जानकारी देते हुए बताया गया कि गडचिरोली निवासी 27 वर्षीय युवक का 2 वर्ष पूर्व दुर्घटना में उसके दाहिने पैर और वह जांघ की हड्डी टूट गई थी किंतु उसके द्वारा किसी अस्पताल में उपचार न करवा कर नीम हकीम से उपचार करवा कर मालिश वह पट्टी करवाई गई थी जिसे जांघ और पैर की हड्डियां विकृत व टेढ़ी होकर पैर छोटा व निष्क्रिय हो गया था। ग्रामीण क्षेत्र में के निवासी होने के चलते अज्ञानता व आर्थिक तंगी के चलते युवक द्वारा 2 वर्षों तक किसी भी मान्यता प्राप्त या प्रशिक्षित डॉक्टर से अपना उपचार नहीं करवाया गया जिस दिन पर दिन उसके पैरों की स्थिति खराब होती जा रही थी। इसी दौरान कुछ परिचितों द्वारा उसे डॉ विद्यासागर मोहन को दिखाने की सलाह दी इसके पश्चात वह बालाजी नर्सिंग होम के जर्मनी से प्रशिक्षित प्राप्त ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विद्यासागर से परामर्श लेने आया जहां उसके पैर की जांच वह एक्सरे के पश्चात पता चला कि उसकी जांघ की हड्डी वह पैर की हड्डि में विकृति आ गई है तथा यह अत्यधिक मालिश के कारण हुआ था। मरीज की इस स्थिति के संदर्भ में उसके परिजनों व रिश्तेदारों को जानकारी देकर बताया गया कि इसे ठीक करने में दो बड़े ऑपरेशन करना पड़ेगा लेकिन मरीज की आर्थिक स्थिति खराब होने के चलते डॉक्टर विद्यासागर द्वारा मरीज को प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना वह महात्मा ज्योतिबा जन स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत निशुल्क ऑपरेशन करने की सलाह दी वह मरीज को चिकित्सालय में भर्ती कर दो सफल ऑपरेशन किया जिसमें उसके जांघ की हड्डी को काटकर वह प्लेट डालकर उसे सीधा किया गया तथा दूसरी शल्य क्रिया में पैर के दोनों टेढ़ी हड्डियों को फिक्सचर एलआरएस से काटकर सीधा किया गया तथा इसमें तकनीकी सहायता ली गई जिससे वह अपने पैर की गत लंबाई को हासिल कर सके। दोनों सफल शल्यक्रिया के पश्चात मरीज के विकृत व टेढ़े पैर सीधे हुए तथा वह पूर्व की अवस्था में आ गया जिसे उसे एक नया जीवन मिला।

बालाजी नर्सिंग होम में प्रधानमंत्री आयुष्मान व महात्मा ज्योतिबा फूले योजना का लाभ

गोंदिया के बालाजी नर्सिंग होम में मरीजों को प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना व महात्मा ज्योतिबा फूले योजना के अंतर्गत निशुल्क उपचार कर सभी प्रकार के फ्रैक्चर जोड़ प्रत्यारोपण आथ्रीस्कॉपी सर्जरी स्पाइन सर्जरी की जा रही है जिसका लाभ महाराष्ट्र के साथ-साथ पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश वह छत्तीसगढ़ के हजारों जरूरतमंद मरीजों द्वारा लिया जा रहा है।

42 वर्षों से उपचार व समर्पण का मजबूत संकल्प डॉक्टर मोहन के बालाजी नर्सिंग होम में गत 42 वर्षों से मरीजों की पूर्णता देखभाल वह उपचार प्रदान कर समर्पण व संकल्प को मजबूत कर कर वर्तमान समय की मांग के अनुसार आधुनिक उपचार की सर्वोत्तम वीडियो का उपयोग कर उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा प्रदान की जा रही है।

नीम हकीम के चक्कर में ना पड़े उपचार में ना हो लापरवाही किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या व दुर्घटना में हड्डी से संबंधित उपचार के लिए नीम हकीम से उपचार वह मालिश ना करवाये जिस हड्डियों में विकृति आने की संभावना अधिक निर्माण हो जाती है। इसमें प्रशिक्षित व मान्यता प्राप्त चिकित्सक से ही उपचार करवाये जिससे सही उपचार प्राप्त होकर मरीज को लाभ मिले - डॉक्टर विद्यासागर मोहन अस्थि रोग विशेषज्ञ बालाजी नर्सिंग होम गोंदिया।

दुर्घटना में 3 लोग घायल

भंडारा-स्कूटी से भीलेवाड़ा से भंडारा की ओर आते समय अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर भाग गया. टक्कर से स्कूटी पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना आज 16 अक्टूबर को शाम करीब 4.15 बजे भीलेवाड़ा में राष्ट्रीय राजमार्ग पर घटी. घायलों के नाम कपिल नगर भंडारा निवासी निकुंश पालीवाल (21), दिव्यानी देशभ्रतार (22), कोमल पाटील (22) है. यह तीनों पांडव कॉलेज के छात्र है. कॉलेज से निकलने के बाद तीनों स्कूटी क्र. एमएच 43 एसी 3640 से भिलेवाड़ी से भंडारा के लिए निकले. इसी दौरान एक तेज रफ्तार बाइक ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी और भाग गया. जोरदार टक्कर से तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए. पुलिस कांस्टेबल गभने ने दुर्घटना की जानकारी दी और नरेंद्राचार्य संस्थान की एम्बुलेंस को बुलाया. चालक प्रमोद मोहतुरे तुरंत एंबुलेंस लेकर मौके पर पहुंचे. प्रतीक टांगले व आकाश खोब्रागडे ने घायलों को दुर्घटनास्थल से एम्बुलेंस तक ले जाने में मदद की. तीनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया.

विधायक-सांसद के समर्थकों के बीच हुड़दंग

आमगांव विधानसभा क्षेत्र में टिकट के लिए किया जा रहा शक्ति प्रदर्शन

आमगांव-आमगांव विधानसभा क्षेत्र में अपने बेटे एड. दुष्यंत किरसान के लिए टिकट की दावेदारी करने वाले कांग्रेस पार्टी के सांसद डा. नामदेवराव किरसान और कांग्रेस के विधायक सहसराम कोरोटे के 2 गुट आपस में भीड़ गए. नारेबाजी के बीच विवाद इतना ज्यादा बढ़ गया कि दोनों गुटों के समर्थकों के बीच हुड़दंग शुरू हो गई. इस दौरान कुर्सियां भी लहराकर एक दूसरे पर फेंकी गई. महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव नवंबर में होने जा रहे हैं. इस बीच आचार संहिता लागू होने के साथ चुनावों की तारीखों का ऐलान हो गया है. इसी के साथ कांग्रेसी पर्यवेक्षक गोंदिया जिले के अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र में जाकर वहां के इच्छुक प्रत्याशियों के आवेदन ले रहे हैं. साथ ही पार्टी संगठन स्तर पर बूथ कमेटियों के विषय पर भी समीक्षा और चर्चा हो रही है. लेकिन कांग्रेस के लिए यह कार्यक्रम अब विवाद का विषय बनते जा रहे हैं. कुछ दिन पूर्व भंडारा जिले के साकोली रेस्ट हाउस में कांग्रेसी पर्यवेक्षक पूर्व मंत्री सतीश चतुर्वेदी के सामने दोनों गुट आमने सामने आ गए थे. अब आमगांव विश्रामगृह में गालीगलौच और हुड़दंग हो गया. यह हुड़दंग 14 अक्टूबर को शाम 7 बजे के आसपास हुआ. प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वाइस चेयरमैन नाईक आमगांव विधानसभा क्षेत्र के बुध कमेटी विषय पर समीक्षा बैठक कर रहे थे. इस दौरान उनके बगल की कुर्सी पर विधायक सहसराम कोरोटे बैठे थे तथा सांसद डा. नामदेवराव किरसान अपने विचार रख रहे थे. तभी पीछे से विधायक कोरोटे के समर्थकों ने बीच में सभा में रुकावट निर्माण की तथा सांसद के प्रति अशोभनीय शब्दों का इस्तेमाल किया. जिससे विवाद गहरा गया और पर्यवेक्षक के सामने ही दोनों गुट के इस हुड़दंग का वीडियो वायरल हो गया. जिसमें दो गुटों के बीच टिकट के लिए शक्ति प्रदर्शन, हुड़दंग और नारेबाजी देखी जा रही है. लगभग 10 मिनट तक चले इस हुड़दंग और आधे घंटे तक चली नारेबाजी के बाद पुलिस ने बीच-बचाव करते मामला शांत कराया. इस घटना के बाद दोनों ही गुट एक दूसरे पर निजी स्वार्थ के लिए शक्ति प्रदर्शन और घटिया राजनीति का आरोप लगा रहे हैं तथा घटित प्रकरण के बारे में प्रदेश के शीर्ष नेताओं से मुलाकात कर उन्हें अवगत कराएंगे, ऐसी चर्चा कर रहे हैं.

बीजीडब्ल्यू अस्पताल में गंदगी का साम्राज्य

मेडिकल कॉलेज में आने के बाद भी समस्या कायम

गोंदिया-शासकीय मेडिकल कॉलेज के क्षेत्राधिकार में आने वाले केटीएस जिला सामान्य अस्पताल व बीजीडब्ल्यू शासकीय महिला अस्पताल में गंदगी फैली नजर आ रही है. मरीज के परिजनों पर भी अस्पताल प्रशासन का कोई नियंत्रण नहीं है. जिससे मरीजों के परिजन भी बचा हुआ खाना खुले स्थानों पर फेंकते नजर आते हैं. जिला सामान्य अस्पताल की पहली और दूसरी मंजिल पर खिड़कियों के पास और अंदर फर्नीचर पर बासी खाना फेंकने से बदबू फैल गई है. जिससे अस्पताल में मरीजों को परेशानी हो रही है. आज भी एक तस्वीर देखी जा सकती है कि सफाई का ठेका लेने वाले सफाई कर्मचारियों ने फेंके गए भोजन को साफ करने पर ध्यान नहीं दिया है. अस्पताल क्षेत्र उतना साफ नहीं है जितना होना चाहिए. इसके अलावा यहां के अधिकारियों और कर्मचारियों की मनमानी सेमरीजों की जान पर बन आई है. केटीएस और बीजीब्ल्यू अस्पताल में गढ़चिरोली, भंडारा जिले और मध्यप्रदेश के साथ-साथ छत्तीसगढ़ राज्य से भी मरीज इलाज के लिए आते हैं, लेकिन अब खुद मरीज और उनके परिजन कह रहे हैं कि यहां इलाज के नाम पर मरीजों को परेशानी हो रही है.

किसान की हुई मौत

गोंदिया-तहसील के दवनीवाड़ा निवासी नितेश शेंडे (28) मंगलवार की दोपहर 4 बजे खेत में किटनाशक छिड़काव कर रहा था. इस दौरान कीटनाशक नाक, मुंह में जाने से उसे गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया. उसकी हालत गंभीर होने से उसे गोंदिया रेफर किया गया. जहां उसकी मौत हो गई.

30 से अधिक ग्रापं की जलापूर्ति बंद

» पानी पट्टी टैक्स की राशि से ही योजना का होता है संचालन : अभियंता

गोंदिया-कुछ दिनों पूर्व ही लगभग डेढ़ माह तक बनगांव प्रादेशिक ग्रामीण जलापूर्ति योजना के अंतर्गत आने वाले आमगांव तथा सालेकसा तहसील के 48 गांवों की जलापूर्ति ठप थी. इस बीच आमगांव नगर परिषद द्वारा अपनी ओर बकाया बिल की राशि पूरी भरे जाने व कुछ ग्राम पंचायतों द्वारा भी उनकी ओर बकाया राशि के कुछ हिस्से का भुगतान किए जाने के कारण तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा हस्तक्षेप करने के बाद बंद पड़ी जलापूर्ति योजना 1 अक्टूबर को पूर्ववत शुरू की गई थी, लेकिन गोंदिया जिला परिषद के ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के देवरी उपविभाग के शाखा अभियंता राजेंद्र सतदेवे ने सोशल मीडिया पर संदेश प्रसारित करते हुए स्पष्ट कहा है कि जलापूर्ति योजना बंद होने के बावजूद जिन ग्राम पंचायतों ने उनकी ओर बकाया पानी पट्टी टैक्स की राशि का भुगतान अब तक नहीं किया है. उन्हें जलापूर्ति करना संभव नहीं होने के कारण ऐसी ग्राम पंचायतों की जलापूर्ति बंद की जा रही हैं. यह सूचना ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के कार्यकारी अभियंता के निर्देश पर जारी की गई है. इस सूचना के बाद प्राप्त जानकारी के अनुसार लगभग 30 से अधिक ग्राम पंचायतों की जलापूर्ति फिर बंद हो गई. ग्राम पंचायतों द्वारा समय पर पानी पट्टी टैक्स की राशि भरकर जिला परिषद जलापूर्ति विभाग के पास जमा नहीं कराने के कारण यह जलापूर्ति योजना अनेक बार बंद हो जाती है. कुछ दिनों पूर्व ही लगभग डेढ़ माह तक विद्युत आपूर्ति बिल न भरे जाने के कारण खंडित रहने से सभी गांवों की जलापूर्ति ठप पड़ी हुई थी. शाखा अभियंता का स्पष्ट कहना है कि पानी पट्टी टैक्स की राशि से ही योजना का संचालन किया जाता है.

गोंदिया में आतिशबाजी के बीच रावण दहन किया गया

भारी भीड़ की मौजूदगी तथा वर्षा पटेल व राजेंद्र जैन की रही उपस्थिति

गोंदिया-शहर समेत जिलेभर में बुराई पर अच्छाई की जीत के रुप में 29 स्थानों पर रावण दहन किया गया. गोंदिया शहर के मामा चौक में श्री दशहरा उत्सव समिति द्वारा विजयादशमी के उपलक्ष्य में 51 फुट के रावण के पुतले का दहन किया गया. श्री दशहरा उत्सव समिति का रावण दहन का यह 20 वां वर्ष था. अपार जनसमुदाय की उपस्थिति में कार्यक्रम का उ?द्घाटन मनोहरभाई पटेल अकादमी अध्यक्ष वर्षा प्रफुल्ल पटेल के हाथों किया गया. प्रमुख अतिथि के रुप में पूर्व विधायक राजेंद्र जैन उपस्थित थे. कार्यक्रम की प्रस्तावना में आयोजक नानू मुदलियार ने सभी को विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं.प्रारंभ में वर्षा पटेल ने राम-सीता- लक्ष्मण-हनुमान की झांकी का पूजन किया. पटेल ने अपने मार्गदर्शन में सेवानिवृत्त फौजियों की प्रशंसा की और जिले के

सभी लोगों को विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं. पूर्व विधायक जैन ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर मुदलियार को बधाई दी. इस दौरान सिविल लाइन परिसर के सेवानिवृत्त फौजी एवं विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं का वर्षा पटेल के हाथों सत्कार किया गया. लगातार 2 घंटे की भव्य आतिशबाजी, जबलपुर का प्रसिद्ध मयूर नृत्य, राम दरबार दशहरा उत्सव का प्रमुख आकर्षण रहे. दशहरा उत्सव की संपूर्ण रुपरेखा नानू मुदलियार व सविता मुदलियार द्वारा निर्धारित की गई थी. कार्यक्रम की सफलतार्थ चंदू मेश्राम, शिवराज भंडारकर, राधेश्याम मेंढे, अशोक नशीने, राजू भगत,दिलीप काले, संजय दुबे, कैलाश क्षीरसागर, प्रियेश मुदलियार, राजा देशमुख, महेश पांडे, कमलेश नशीने, अनिल इल्लुरु, रवि राहंगडाले, अनूप बोरकर, मनोज बिसेन, संजय सोनवानी, योगेश रामटेककर, आलोक कटकवार, महेश जवनिया, शुभम गायधने, नवनीत आगलावे, कुणाल पांडे, संदीप पारधी, समीर चौधरी, अश्विन शिवसागर, नलिन जांभुलकर, राजू सूर्यवंशी, शशांक बल्हारे, आयुष क्षीरसागर, श्रेयष थानथराटे ने परिश्रम किया. संचालन नीरजसिंह नागपुरे तथा आभार प्रदर्शन समिति सचिव प्रियेश मुदलियार ने किया.

राष्ट्रवादी कांग्रेस की ओर से रतन टाटा को दी गई श्रद्धांजलि

गोंदिया-राष्ट्रवादी कांग्रेस की ओर से रेलटोली के पार्टी कार्यालय में उद्योगपति स्व. रतन टाटा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई. इस दौरान पूर्व विधायक राजेंद्र जैन ने कहा कि रतन टाटा का असाधारण व्यक्तित्व व दूरदृष्टि की वजह से भारतीय उद्योग क्षेत्र सही मायने में मेड इन इंडिया के रूप में आगे बढ़ा है. मेड इन इंडिया को पूरी दुनिया में फैलाने का काम तथा उनके आदर्श हमेशा याद रहेंगे. इस दौरान कार्यकर्ताओं की ओर से मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की गई. इस दौरान विनोद हरिणखेड़े, छोटू पटले, अशोक सहारे, रफीक खान, रवी पटले, दिनेश अग्रवाल, अखिलेश सेठ, माधुरी नासरे, आशा पाटिल, शर्मिला पाल, उषा मेश्राम, भगत ठकरानी, हरिराम आसवानी, शंकर टेंभरे, विजेंद्र जैन, टी.एम. पटले, सुनील पटले, शैलेष वासनिक, नागो सरकार, त्रिलोक तुरकर, रमेश कुरील, लवली होरा, रमन उके, लव माटे, कपिल बावनथडे, कुणाल बावनथडे, अनुज जायस्वाल, एकनाथ वहिले, रौनक ठाकुर, राज शुक्ला, प्रतीक पारधी, अजय जायस्वाल, बंटी गडपायले, दिलप्रीत होरा, दीपक कनोजे, नरेंद्र बेलगे समेत पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे.

अध्यक्ष व सदस्य पद पर कब्जा तिरोड़ा में

अब तक नहीं हुई दक्षता समितियों की सभा

तिरोड़ा-सरकारी राशन दूकानों पर नियंत्रण के लिए स्थापित गांव स्तर पर दक्षता समिति की सभा पिछले 5 वर्षों से नही हुई. जिनके लिए सार्वजनिक वितरण व्यवस्था संचालित है उन्हें प्रत्यक्ष में जीवनावश्यक वस्तु मिल रही है या नहीं यह देखने व सार्वजनिक वितरण व्यवस्था पर देखरेख में जनसहभाग हो इस दृष्टि से गांव स्तर पर दक्षता समितियों की स्थापना की गई है. ग्राम स्तरीय सतर्कता समिति का अध्यक्ष उस गांव का सरपंच होता है. ग्राम स्तरीय दक्षता समिति में शासकीय व अशासकीय सहित कुल 13 सदस्य होते हैं और गांव के ही प्रतिनिधियों का अध्यक्ष व सदस्य पद पर कब्जा रहता है. समिति में सरपंच व गांव के प्रतिष्ठित व्यक्ति व तहसील कार्यालय के कर्मचारी व अधिकारी राशन दुकानदार शामिल होते है. जिन पर सार्वजनिक वितरण

प्रणाली के तहत वस्तुओं के वितरण की निगरानी की जिम्मदोरी होती है लेकिन दक्षता समिति की सभा कर्मचारियों की अनदेखी से आज तक नहीं हुई है.

सरपंच द्वारा सभा का स्थान निश्चित करने तहसील कार्यालय के संबंधितों को इसके पूर्व पत्र द्वारा व प्रत्यक्ष में भी कहा गया लेकिन दुकानदार, कर्मचारी व अधिकारियों की मिलीभगत से सभा का आयोजन नहीं किया गया. जिससे दुकानदार कार्ड धारकों पर अन्याय कर रहे है. कई कार्ड अंत्योदय से हटाकर बीपीएल में बदल दिए गए. इस तरह की अनेक गड़बड़ियां दुकानों में देखी जा रही है. अगर दक्षता समिति की सभाएं होती रही तो इन दुकानदारों पर नियंत्रण रहता है. इस पर तत्काल उचित कार्रवाई करने की मांग की गई है.

टेनिस स्पर्धा के लिए खिलाड़ियों का चयन

एकनाथ राष्ट्रीय माध्यमिक विद्यालय की जीत

गोंदिया-जिला क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय वर्धा व महाराष्ट्र राज्य क्रीड़ा परिषद के तत्वावधान में शालेय विभागीय सॉफ्ट टेनिस स्पर्धा वर्धा में आयोजित की गई. जिसमें गोंदिया जिले से सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने शानदार जीत दर्ज कर जिले का नाम रोशन किया. यु-14 में अनुज रामटेके (संस्कार हाईस्कूल गोंदिया, मृण्मयी वाडके विवेक मंदिर गोंदिया), यु-17 में विराज रामटेके (प्रोगेसिव इंग्लिश स्कूल), रोहन नागपुरे (नूतन विद्यालय गोंदिया), अनन्या खंडेलवाल (सी.एम.पी. गोंदिया), यु-19 में चेतना ठाकुर (महावीर मारवाड़ी इंग्लिश स्कूल), एकनाथ बर्वे राष्ट्रीय माध्यमिक विद्यालय डोंगरगांव ने जीत हासिल की. खिलाड़ियों का सत्कार क्रीड़ा अधिकारी ए.बी. मरसकोल्हे, लेखापाल क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय वाडके, सचिव सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन अनिल सहारे ने किया. सभी खिलाड़ियों ने जीत का श्रेय प्रशिक्षक अनिल सहारे, अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है. आगामी गोंदिया में होने वाली शालेय राज्य स्तरीय स्पर्धा में यह नागपुर विभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे.

लाडली योजना को बंद करने का दुस्साहस करने वाले सौतेले भाईयों को दिखा दो उनकी जगह -देवेन्द्र फडणवीस

डांगोरली बैराज, को लाने का श्रेय सिर्फ विनोद अग्रवाल को-उपमुख्यमंत्री

बुलंद गोंदिया। गोंदिया विधानसभा क्षेत्र की जनता बड़ी भाग्यशाली है कि उनको इतना काम करने वाला विधायक विनोद अग्रवाल के रूप में मिला है। उन्होंने कभी भाजपा का साथ नही छोड़ा, बल्कि डबल स्पीड पर उभरकर वापस आने का कार्य किया है। उनके पांच सालों की तुलना अगर हम पिछले लोगो की तुलना में करें तो मैं दावे से बोल सकता हूँ कि विनोद बाबू का पलड़ा विकास कार्यो में भारी रहा है। किसानों के सिंचन के लिए वरदान साबित होने वाले डांगोरली बैराज को लाने का श्रेय सिर्फ विनोद अग्रवाल को है। उक्त आशय राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने व्यक्त किया।

उपमुख्यमंत्री फडणवीस भाजपा द्वारा गोंदिया के टीबी टोली मैदान पर आयोजित कर्तव्यपूर्ती जनआशीर्वाद महासम्मेलन में बोल रहे थे। इस दौरान मंच पर भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले, पूर्व मंत्री डॉ. परिणय फुके, गोंदिया के विधायक विनोद अग्रवाल, विधायक विजय रहांगडाले, पूर्व मंत्री राजकुमार बडोले, पूर्व विधायक संजय पुराम, केशवराव मानकर, भेरसिंगभाऊ नागपुरे भाजपा जिलाध्यक्ष येसुलाल उपराडे, जिला संगठन मंत्री वीरेंद्र (बाळाभाऊ) अंजनकर, जिप अध्यक्ष पंकज रहांगडाले, नेतराम कटरे, पंस सभापति मुनेश रहांगडाले, कृउबास सभापति भाऊराव ऊके, सुनील केलनका, छत्रपाल तुरकर, दिनेश दादरीवाल, संजीव कुलकर्णी, जयंत शुक्ला, अमित झा, मनोज मेंढे, नंदूभाऊ बिसेन, सीताताई, रहांगडाले, भावना कदम, चेतालीसिंह नागपुरे, सहित अनेक भाजपा नेताओं की उपस्थिति रही।

उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने आगे कहा, विनोद बाबू ने हर चुनाव में भाजपा के साथ रहने का कार्य किया, उन्होंने जो मांगा वो सरकार ने उन्हें देने का कार्य किया। डांगोरली कि नदी पर उच्च स्तर का बैराज बनें ये मांग उन्होंने की थी। इसके साथ ये भी कहा था कि जब गोंदिया आओ तो खाली हाथ मत आना, मेरे किसानभाइयो के लिए सिंचन क्रांति हेतु डांगोरली बैराज को लेकर आना। मैंने भी वादा निभाया और विनोद बाबू के बोलने पर 395 करोड़ की लागत का डांगोरली बैराज लेकर आया और उसकी कॉपी भी सुपुर्द कर रहा हूँ। कुछ लोग झूठे वादे करते हैं, जनता के बीच जाकर हमने लाये का झूठा प्रचार करते है पर मैं बताना चाहता हूँ कि डांगोरली तो क्या, पिंडकेपार, मेडिकल कॉलेज, गोंदिया को 24 घँटे शुद्ध पानी मिले इस हेतु 200 करोड़ की जलापूर्ति योजना लाने का श्रेय भी सिर्फ विनोद अग्रवाल को जाता है।

विनोद अग्रवाल की धान पर प्रति हेक्टर बोनस राशि 20 हजार से 25 हजार करने की मांग पर उपमुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा, की जो मांगा दिया। लाडली योजना मांगी पूरी राज्य में लागू की, किसानों के बिजली बिल माफ करने की मांग की उसे जीरो बिल करने का प्रयास किया अब हम किसानों को 20 हजार की जगह 25 हजार रुपये धान पर बोनस देने जा रहे है। आज मैं घोषणा कर रहा हूँ, बस समझो ये भी हो गया।

फडणवीस ने आगे कहा, राज्य में बहनों के लिए लॉडली बहन योजना लाकर उन्हें आर्थिक आधार देने का कार्य इस महायुति सरकार ने किया। बहनों को और कैसे स्वावलंबी कर सकें इसके लिए अनेक योजनाएं शुरू की। पर कुछ बहनों को खुश नही देखने वाले सौतेले भाई इस योजना को बंद करने का दुस्साहस कर रहे है। कांग्रेस, शिवसेना वाले कहते है कि हमारी सरकार आएगी तो महायुति की सारी योजनाओं को बंद कर देंगे। मेरी बहनों से अपील है कि ऐसे दुस्साहसियों को, आगामी चुनाव में सबक सिखाकर विनोद अग्रवाल का कमल खिलाकर मुंबई भेजने का कार्य करें। हमारा वचन है कि हम इस योजना को निरंतर जारी रखेंगे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने विनोद अग्रवाल का भाजपा में डबल स्पीड पर वापस आने पर जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कहा, आज इंद्र भी मेहरबान है और देवेन्द्र जी भी मौजूद है। ऐसे में गोंदिया से कमल को खिलने से अब कोई रोक नही सकता।

मंच से विनोद अग्रवाल सहित, पूर्व मंत्री डॉ. परिणय फुके, राजकुमार बडोले, संजय पुराम, नेतराम कटरे, बालाभाऊ अंजनकर, येसुलाल उपराडे, सविता अग्रवाल, चेतालिसिंह नागपुरे, घनश्याम पानतवने, आदि ने भी संबोधित किया। मंच संचालन पंचायत समिति सभापति मुनेश रहांगडाले ने किया।

4 घंटे तक ट्रेन रुकने से यात्री हुए परेशान

गोंदिया-चांदाफोर्ट मार्ग का है पुरा मामला

गोंदिया-गोंदिया-चांदाफोर्ट मार्ग पर गोंगले रेलवे स्टेशन पर एक पैसेंजर ट्रेन को चार घंटे तक रोका गया. इससे आक्रोशित हुए यात्रियों ने रेलवे स्टेशन में हंगामा कर दिया. जिससे गोंगले रेलवे स्टेशन पर कुछ देर के लिए तनाव का माहौल बन गया. सुबह 11.30 बजे गोंदिया-चांदाफोर्ट मार्ग पर बल्लारशा से गोंदिया जाने वाली पैसेंजर ट्रेन गोंगले रेलवे स्टेशन पर सिग्नल नहीं मिलने के कारण चार घंटे तक रुकी रही. इस रूट पर एक्सप्रेस ट्रेनों और मालगाड़ियों को गुजारने के लिए पैसेंजर ट्रेनों को घंटों-घंटों रोका जाता है. इस रूट पर अक्सर इस तरह की घटना होती रहती है. ऐसी ही एक घटना मंगलवार को गोंगले रेलवे स्टेशन पर दोहराई गई है. सिग्नल नहीं मिलने के कारण ट्रेन इस रेलवे स्टेशन पर चार घंटे तक रुकी रही. इसके चलते कई यात्री निर्धारित समय पर गोंदिया नहीं पहुंच सके. इतने सारे लोग दूसरी ट्रेन नहीं पकड़ सके और अपनी यात्रा जारी नहीं रख सके, जिसके कारण यात्रियों को मानसिक पीड़ा झेलनी पड़ी. इस घटना से आक्रोशित यात्रियों ने गोंगले रेलवे स्टेशन पर हंगामा कर दिया. लोको पायलट और स्टेशन प्रबंधक से बहस हुई. जिससे कुछ देर के लिए रेलवे स्टेशन पर तनाव की स्थिति बन गई. आखिरकार चार घंटे बाद सिग्नल मिलने पर यह ट्रेन गोंदिया के लिए रवाना हुई.

पैसेंजर ट्रेनों को रोकना बंद करें

गोंदिया-चांदाफोर्ट रूट पर पिछले कुछ महीनों से रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस और मालगाड़ियों के लिए पैसेंजर ट्रेनों को दो से तीन घंटे तक रोका जा रहा है. जिससे यात्रियों को निर्धारित स्थान तक पहुंचने में परेशानी होती है. इसलिए यात्रियों ने मांग की है कि इस तरह पैसेंजर ट्रेनों को घंटो तक रोकना बंद करें.

सेंधमारी के आरोपी को तीन साल का सश्रम कारावास

गोंदिया - मुख्य न्यायदंडाधिकारी अभिजित कुलकर्णी ने सेंधमारी के आरोपी कव्वाली मैदान के पास संजय नगर निवासी हसन मुजीब सिद्धीकी (27) को 3 साल का सश्रम कारावास व 3 हजार रु. जुर्माने की सजा सुनाई. गुरुनानक वार्ड, गोंदिया निवासी फिर्यादी दिलीपकुमार कस्तुरचंद जायस्वाल की मनोहर चौक के देशी शराब दुकान का शटर खोलकर अज्ञात व्यक्ति ने देशी शराब, चिल्लर, नकदी, सीसीटीवी कैमेरा, डीवीआर ऐसा कुल 45 हजार 72 रु. की चोरी की थी. जिसकी शिकायत शहर थाने में की गई थी. इस मामले में संजय नगर निवासी आरोपी हसन मुजीब सिद्धिकी (27) को गिरफ्तार कर 24 हजार 106 रु. का माल जब्त किया गया था. आरोपी के खिलाफ मुख्य न्यायदंडाधिकारी, न्यायालय गोंदिया में दोषारोप पत्र प्रस्तुत किया गया. आरोपी को दोषी करार देते हुए मुख्य न्यायदंडाधिकारी ने 14 अक्टूबर को उसे तीन साल का सश्रम कारावास व 3 हजार रु. जुर्माने की सजा सुनवाई. जांच सहायक पुलिस निरीक्षक कैलाश गवते ने की. पैरवी सहायक सरकारी वकील कमलेश दिवेवार ने की. न्यायालयीन कामकाज हवलदार ओमराज जामकाटे, सिपाही निता पोटफोडे ने देखा.

लोधी समाज ओबीसी में शामिल लोध, लोधा, लोधी समाज को केंद्रीय पिछड़ा वर्ग में मिली जगह

गोंदिया-लोधी समाज को लगभग 20 साल पहले महाराष्ट्र राज्य सूची में ओबीसी श्रेणी में शामिल किया गया था. जिसके अनुसार, लोधी समाज को महाराष्ट्र में ओबीसी श्रेणी में नौकरियों और अन्य सुविधाओं और रियायतों में आरक्षण मिल रहा था. लेकिन केंद्र में लोधी समाज को ओबीसी वर्ग में शामिल नहीं किया गया. इसलिए महाराष्ट्र के लोधी समाज को केंद्र में ओबीसी आरक्षण का लाभ नहीं मिल रहा था. इसे ध्यान में रखते हुए समाज के नेता पूर्व विधायक भेरसिंह नागपुरे ने केंद्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज अहीर से चर्चा कर पहल जारी रखी. इसे संज्ञान में लेते हुए अधिसूचित क्र. 262 में लोध, लोधा, लोधी समाज को केंद्रीय पिछड़ा वर्ग में शामिल किया गया है. लोधी समाज, जो मूल रूप से कृषि और कृषि श्रम में लगा हुआ है, बड़े पैमाने पर मध्यप्रदेश के निकटवर्ती हिस्सों महाराष्ट्र में बसा हुआ है. खुली श्रेणी में होने के कारण इस समाज के युवक-युवतियों को नौकरियों में आरक्षण नहीं मिलता था और सरकारी सुविधाओं का भी लाभ मिलता था. इसके चलते लोधी समाज ने ओबीसी वर्ग में शामिल होने के लिए संघर्ष शुरू कर दिया. लोधी नेता भेरसिंह नागपुरे ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. 2004 में महाराष्ट्र सरकार ने लोधी समाज को राज्य सूची में ओबीसी श्रेणी के तहत शामिल किया. तब लोधी समाज को बड़ी राहत मिली. लेकिन महाराष्ट्र में लोधी समाज को केंद्र में ओबीसी आरक्षण का लाभ नहीं मिल रहा था. इसके लिए लोधी समाज के नेता दिल्ली पहुंचे और धरना आंदोलन भी किया. 2004 से 2009 तक आमगांव विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले लोधी नेता भेरसिंह नागपुरे ने केंद्र में अपने समाज को ओबीसी श्रेणी में शामिल कराने के लिए लगातार प्रयास किया. राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज अहीर से संपर्क किया और व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की. अंततः हंसराज अहीर ने इस मामले पर गंभीरता से विचार किया और राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित क्र. 262 में लोधी, लोध, लोधा जातियों को केंद्रीय पिछड़ा वर्ग में शामिल करने की सिफारिश की.

CEO दयानिधि पर लगाया जुर्माना-सेवा पुस्तिका में दर्ज करने का दिया निर्देश

गोंदिया-सेवानिवृत्त सुनील आकांत पशुपालन विभाग में कार्यरत रहते हुए पंचायत समिति देवरी में सहायक पशुधन विकास अधिकारी के पद पर कार्यरत थे. दूसरी ओर वह 2009 से श्री समर्थ रामदास शिक्षण संस्था आमगांव में मानद सचिव के रूप में कार्यरत थे. इस संबंध में जिप को शिकायत की गई थी. तत्कालीन जिप सीईओ दयानिधि पर अपने पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए जिला परिषद अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई थी. इस बीच आकांत ने कार्रवाई के खिलाफ न्यायालय में अपील की. 10 अक्टूबर 2014 को न्यायालय ने निर्देश दिया कि उक्त मामले में आकांत को दी गई सजा रद्द की जाए तथा सेवानिवृत्ति वेतन उन्हें लौटाया जाए तथा तत्कालीन जिप सीईओ पर जुर्माना लगाकर इस संबंध में सेवा पुस्तिका में दर्ज करने के निर्देश दिए. जिप के पशुपालन विभाग देवरी में सहायक पशुधन विकास अधिकारी के पद पर सुनील आकांत कार्यरत थे, दूसरी ओर श्री समर्थ रामदास शिक्षा संस्था में मानद सचिव के पद पर कार्यरत थे. इस संबंध में जिला परिषद से शिकायत की गई. इस बीच आकांत ने जिला परिषद से कोई अनुमति नहीं ली. इसलिए उन पर जिला परिषद एक्ट के तहत अपने पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए नोटिस जारी किया गया. इसके खिलाफ आकांत ने हाईकोर्ट की नागपुर खंडपीठ में अपील की. इसमें सीईओ के आदेश निरस्त कर दिए गए. यह भी बताया गया कि यह आदेश उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए नहीं रह सकता. इस वाक्य की गलत व्याख्या करते हुए तत्कालीन सीईओ डा. दयानिधि ने आकांत के सेवानिवृत्ति वेतन का पांच प्रतिशत पांच साल तक काटने का आदेश दिया.

वसूली गई राशि वापस करने का दिया आदेश

न्यायालय ने मामले का फैसला करते हुए याचिका में आकांत को दी गई सजा को रद्द कर दिया और उन्हें सेवानिवृत्ति वेतन से वसूली गई राशि वापस करने का आदेश दिया. उल्लेखनीय है कि इस संबंध में दयानिधि को 18 अक्टूबर तक रजिस्ट्रार के पास 15 हजार रु. जुर्माना जमा करने का आदेश दिया गया है. यह भी सुझाव दिया गया है कि इसका रिकार्ड उनकी सेवा पुस्तिका में दर्ज किया जाए. न्यायालय में आकांत की पैरवी एड. राम परसोडकर व जिप की पैरवी एड. ए.वाई. कापगते ने की. न्यायालय के फैसले से जिला परिषद यंत्रणा में हड़कंप मच गया.

ई-निविदा घोटाला : पात्र ठेकेदारों को अयोग्य घोषित करने की साजिश

गोंदिया-सरकार ने विकास कार्यों की निविदा प्रक्रिया में होने वाले घोटालों पर अंकुश लगाने के लिए तकनीक का उपयोग करते हुए ई-निविदा प्रक्रिया शुरू की है मगर प्रशासनिक अधिकारियों ने इसमें भी घोटाला करने की कोशिश की। 30 अगस्त को जिप गोंदिया लघु सिंचाई विभाग की ओर से जलशिवार योजना 2.0 शीर्षक के तहत मंजूर 39 कार्यों के लिए एकत्रित ई-निविदा प्रस्तुत की गई। इस बीच, कई ठेकेदारों ने खुली ई-निविदा प्रक्रिया में भाग लिया। निविदा का लिफाफा खोलने के बाद पात्र ठेकेदार का व्यवसायिक लिफाफा खोला जाता है तथा सबसे कम मूल्य वाले ठेकेदार की निविदा मंजूर की जाती है। हालांकि, गोंदिया जिप लघु सिंचाई विभाग के जल संरक्षण अधिकारी ने अन्य ठेकेदारों के साथ मिलकर वास्तविक योग्य ठेकेदारों को छोड़कर नियमों के अनुसार अयोग्य ठेकेदारों को काम मंजूर करने की चाल चली। ई-निविदा खुलने की तारीख 9 सितंबर थी, लेकिन इसमें एक महीने की देरी की गई। देरी की वजह यह थी कि चुनाव आचार संहिता पर किसी का ध्यान नहीं जाएगा। घोटाला ध्यान में आने के बाद इसकी शिकायत सालेकसा तहसील मराठी पत्रकार संघ के अध्यक्ष रमेश चुटे ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, जल संरक्षण विभाग के मुख्य सचिव और गोंदिया जिप के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को सौंप कर मामले की गहन जांच कराने और नभ्रष्ट जल संरक्षण अधिकारी पर कार्रवाई करने की मांग की है।

जंजीर खींचने वालों के खिलाफ की कार्रवाई 634 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर वसूला जुर्माना

गोंदिया-रेलवे सुरक्षा बल दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल द्वारा रेलवे में घटने वाले सभी प्रकार के अपराधों में संलिप्त अपराधियों की धरपकड़ व अपराधों में अंकुश लगाने में महत्वपूर्ण भुमिका निभा रहा है. इसी क्रम यात्री ट्रेनों में बिना उचित कारण के अवैध रूप से चैन पुलिंग करने वाले व्यक्तियों के विरूध लगातार धरपकड़ कर कार्रवाई के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है. वर्ष 2024 अक्टूबर तक रेलवे सुरक्षा बल दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के दौरान बिना उचित व पर्याप्त कारण के बिना अवैध रूप से चैन पुलिंग करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कुल 655 मामले रेल अधिनियम की धारा 141 के तहत पंजीकृत करते हुए कुल 634 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई के लिए रेलवे न्यायालय के समक्ष पेश कर कुल 2,73,295 रु. जुर्माना अदा कर रेलवे कोष में जमा करवाया गया. रेलवे सुरक्षा बल दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल द्वारा आम जनता से व सभी नागरिकों से अपील की है कि यात्रा के दौरान अनाधिकृत / बिना कारणवश जंजीर ना खीचे क्योकि ट्रेनों के आवागम के बाधित होने से अन्य यात्रियों का परेशानी का सामना करना पड़ता है, साथ ही रेलवे राजस्व को भी हानि पहुंचती है. नागपुर मंडल द्वारा ट्रेनों के आवागमन में होने वाली रुकावट व विलंब में कमी लाने के लिए सभी सकारात्मक कार्रवाई की जा रही है व अनाधिकृत/बिना कारणवश जंजीर खीचने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई एक स्पष्ट संदेश देती है कि ऐसी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

लाखेगांव ग्राम पंचायत TB मुक्त सरपंच जुनेवार को सम्मान पत्र से किया सम्मानित

बिरसीफाटा/तिरोड़ा-केंद्र सरकार ने 2025 तक क्षयरोग को खत्म करने की रणनीति बनाई है और जिले में क्षय रोग को खत्म करने के लिए क्षय रोगमुक्त ग्राम पंचायत अभियान चलाया जा रहा है. इस नीति के तहत तिरोड़ा तहसील की 9 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त किया गया है. जिसमें लाखेगांव ग्राम पंचायत का समावेश है. लाखेगांव ग्राम पंचायत के विशेष योगदान को प्रोत्साहित करते हुए टीबी मुक्त ग्राम पंचायत का प्रमाणपत्र दिया गया. यह उपलब्धि ग्राम के सरपंच भास्कर (अनिरुद्ध) जुनेवार के नेतृत्व व सकारात्मक प्रयासों की वजह हुई है. इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर सरपंच भास्कर जुनेवार को सम्मान पत्र व गांधीजी की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर स्वास्थ्य अधिकारी डा. सोनल बड़गे, स्वास्थ्य सेविका ऊके, स्वास्थ्य सेविका शालू पारधी, आशा वर्कर मंदा बारेवार, सुशीला बावनकुले आदि उपस्थित थे.

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल द्वारा बुलंद गोंदिया साप्ताहिक समाचार पत्र भवानी प्रिंटींग प्रेस, गुरुनानक वार्ड, गोंदिया ता.जि.गोंदिया से मुद्रित व बुलंद गोंदिया भवन, जगन्नाथ मंदिर के पास गौशाला वार्ड, गोंदिया-४४१६०१, ता.जि.गोंदिया से प्रकाशित । संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल, मो.क्र.९४०५२४४६६८। (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) प्रकाशित किये गये समाचार व लेख से संपादक सहमत है। न्यायालय क्षेत्र गोंदिया ।